राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांक प. 1(1)मं.मं./2020 जयपुर, दिनांकः 23/12/2020

—:: आदेश ::—

राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र—2021 में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा पढ़े जाने वाले अभिभाषण के प्रारूप को अंतिम रूप दिये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार निम्नांकित मंत्रिगण की एक मंत्रिमण्डलीय उप समिति का गठन एतद्द्वारा किया जाता हैः—

1. डॉ0 बी.डी. कल्ला, —संयोजक
   मंत्री, ऊर्जा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, भू—जल एवं कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग।
2. श्री शांति कुमार धारीवाल,
   मंत्री, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी कार्यालय एवं संसदीय मामलात विभाग।
3. श्री रघु शर्मा,
   मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई) और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग।
4. श्री हरीश चौधरी,
   मंत्री, राजस्व, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्रीय विकास एवं जल उपयोगिता विभाग।
5. डॉ0 सुभाष गर्ग,
   राज्यमंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें (ईएसआई) तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग।

शासन सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय उक्त कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। उक्त समिति राज्यपाल अभिभाषण के प्रारूप को अंतिम रूप देकर, माननीय मुख्यमंत्री महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेंगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,

Sd/-

(हेमन्त कुमार गेरा)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. विशिष्ठ सहायक/निजी सचिव, संबंधित मंत्रिगण/राज्यमंत्री।
3. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
4. आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, शासन सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय।
6. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सैल, सामान्य प्रशासन विभाग।
7. रक्षित पत्रावली।

Gera
23/12/2020

शासन सचिव